देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 301 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 11 जनवरी 2020

**विचार–प्रवाह...**ननकाना साहिब की घेरेबंदी





मौसम — अधिकतम 17.0° न्यूनतम 7.0°

41599.72

2 मिसाइल से नहीं गिरा यूक्रेन का विमान

7 कोहली ने कहा हम भी यही चाहते थे

## संक्षिप्त समाचार

### पाक ने एलओसी पर मोर्टार के गोले दागे, दो पोर्टर की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू। पाकिस्तानी सैनिकों ने शुक्रवार को जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से लगी अग्रिम चौकियों पर मोर्टार के गोले दागे जिससे सेना के दो पोर्टरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय नियंत्रण रेखा के पास चार पोर्टर काम कर रहे थे। घायलपोर्टरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, 'करीब 11 बजे पाकिस्तानी सेना ने बिना किसी उकसावे के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास गुलपुर सेक्टर में मोर्टार के गोले दागे।' अधिकारियों ने बताया कि इस गोलीबारी में दो पोर्टरों की मौत हो गई है।

### चंदा कोचर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ और एमडी चंदा कोचर और उनके परिवार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने चंदा कोचर के मुंबई स्थित फ्लैट और उनके पति दीपक कोचर की कंपनी की कुछ संपत्तियों को अटैच किया है। जब्त संपत्तियों का कुल मूल्य 78 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। चंदा कोचर कोचर के खिलाफ यह कार्रवाई 2012 में आईसीआईसीआई बैंक से विडियोकॉन को मिले 3,250 करोड़ रुपये के लोन मामले के सिलसिले में की गई है।

### मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में लौट रही जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बजट से पहले आर्थिक मोर्चे पर सरकार के लिए राहत की खबर है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वृद्धि की बदौलत नवंबर में औद्योगिक उत्पादन में 1.8 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। लगातार तीन महीने गिरावट में रहने के बाद औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बताया गया है। बिजली उत्पादन में नवंबर 2018 में जहां 5.1 प्रतिशत वृद्धि रही, नवंबर 2019 में इसमें 5 प्रतिशत गिरावट आ गई।

# आइशी समेत 9 की पहचान

## जेएनयू हिंसाः वायरल विडियो और तस्वीरों के जरिए हुई पहचान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी कैंपस में हुई हिंसा के मामले में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को अबतक अपने हाथ लगे अहम सुरागों की जानकारी दी। जांच कर रही एसआईटी के हेड जॉय तिर्की ने बताया कि हिंसा में शामिल 9 छात्रों की पहचान कर ली गई है। इसमें जेएनयूएसयू प्रेजिडेंट आइशी घोष भी शामिल हैं। चिह्नित छात्रों को अभी हिरासत में नहीं लिया गया है। उन्हें नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विवाद के केंद्र में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन था जिसका लेफ्ट से जुड़े छात्र विरोध कर रहे थे। पुलिस ने 1 जनवरी से 5 जनवरी के बीच रजिस्ट्रेशन रोकने के लिए सर्वर को नुकसान पहुंचाने से लेकर पेरियार और साबरमती हॉस्टल में

■दिल्ली पुलिस ने बवाल का सिलसिलेवार ब्यौरा दिया

हुई हिंसा तक की घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा भी दिया।

**बवाल में लेफ्ट के 4 छात्र संगठनों का नाम आयाः** दिल्ली पुलिस ने बताया कि 3 जनवरी को स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स असोसिएशन और डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन के मेंबर्स सेंट्रलाइज रजिस्ट्रेशन सिस्टम को रोकने के लिए जबरदस्ती सर्वर रूम में घुसे और कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया। इसके बाद सर्वर को बंद कर दिया। इसके बाद सर्वर को किसी तरह ठीक किया गया। 4 जनवरी को फिर उन्होंने सर्वर

### एसआईटी हेड जॉय तिर्की ने दिया सिलसिलेवार ब्यौरा

हिंसा तो 5 जनवरी को हुई लेकिन उससे पहले भी कई चीजें हुईं। पुलिस ने बताया कि पूरे विवाद के केंद्र में रजिस्ट्रेशन था। दरअसल, 1 से 5 जनवरी के बीच जेएनयू प्रशासन ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का फैसला किया जो साल में 2 बार होता है।

ठप करने की कोशिश की। दोपहर में पीछे शीशे के दरवाजे से कुछ अंदर घुसे और उन्होंने सर्वर को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। इससे पूरा रजिस्ट्रेशन का प्रोसेस रुक गया। इन दोनों मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। एसआईटी हेड ने बताया कि 5



**कैंपस से अच्छी तरह परिचित थे हमलावरः** दिल्ली पुलिस ने बताया कि नकाबपोश हमलावर कैंपस से अच्छी तरह परिचित थे। अगर कोई बाहर होता तो वह इतनी आसानी से एक हॉस्टल से दूसरे हॉस्टल नहीं जा पाता। सभी रास्तों से परिचित नहीं होता।

जनवरी को कैंपस में हिंसक घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि दोपहर में पेरियार हॉस्टल में नकाबपोश हमलावरों ने चुन–चुनकर छात्रों को मारा। हमलावरों की भीड़ में जेएनयूएसयू प्रेसिडेंट आइशी घोष

### हिंसा में शामिल 9 छात्र, जिनकी पहचान हुई

1– चुनचुन कुमार, पूर्व छात्र, कैंपस में रहते हैं
2– पंकज मिश्रा, माही–मांडवी हॉस्टल
3– आइशी घोष
4– वास्कर विजय
5– सुजेता तालुकदार
6– प्रिया रंजन, बीए थर्ड इयर
7– डोलन सावंत
8– योगेंद्र भारद्वाज, पीएचडी, संस्कृत (वॉट्सऐप ग्रुप यूनिटी अगेंस्ट लेफ्ट का ऐडमिन)
9– विकास पटेल

भी थीं। इसके बाद शाम को साबरमती हॉस्टल में नकाबपोश हमलावरों ने तोड़फोड़ और हिंसा की। इसमें भी कुछ छात्रों की पहचान हुई है।

# पाबंदी पर एक हफ्ते में रिपोर्ट

## जम्मू–कश्मीर में पाबंदियों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू–कश्मीर प्रशासन से संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान खत्म करने के बाद लगाए गए प्रतिबंधों की एक हफ्ते के अंदर समीक्षा करने को कहा है। कांग्रेस के नेता गुलाम नबी आजाद और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए देश की सबसे बड़ी अदालत ने जम्मू–कश्मीर प्रशासन से बैंकिंग, अस्पताल, शिक्षण संस्थानों समेत सभी जरूरी सेवाएं देने वाले संस्थानों में इंटरनेट सेवा बहाल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि इंटरनेट को सरकार अनिश्चितकाल के लिए बंद नहीं कर सकती। कोर्ट ने इंटरनेट के इस्तेमाल को अभिव्यक्ति के अधिकार का हिस्सा

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश की बड़ी बातें

1–लोगों को असहमति जताने का पूरा अधिकार
2–सरकार अपने सभी आदेशों की 1 हफ्ते में समीक्षा करे
3–सरकार कश्मीर में अपने गैरजरूरी आदेश वापस ले
4–बैन से सभी जुड़े आदेशों को सरकार सार्वजनिक करे
5–आदेशों की बीच–बीच में समीक्षा की जानी चाहिए
6–बिना वजह इंटरनेट पर बैन नहीं लगाया जा सकता
7–इंटरनेट बैन पर सरकार को विचार करना चाहिए
8–इंटरनेट पर पूरा बैन सख्त कदम, जरूरी होने पर लगे
9–सभी जरूरी सेवाओं में इंटरनेट को बहाल किया जाए

माना है।

जस्टिस एनवी रमण, जस्टिस आर सुभाष रेड्डी और जस्टिस बीआर गवई की तीन सदस्यीय बेंच ने कहा कि लोगों को असहमति जताने का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने धारा 144 का जिक्र करते हुए कहा कि इसका इस्तेमला सोच–विचार कर ही किया जाना चाहिए। विरोधी विचार को कुचलने के औजार के तौर पर इसका दुरुपयोग न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कश्मीर में जरूरी सेवाओं के इस्तेमाल के लिए इंटरनेट की बहाली का आदेश देते हुए बड़ी बात कही। कोर्ट ने कहा, श्इंटरनेट का इस्तेमाल संविधान के आर्टिकल 19 के तहत दिए गए अधिकार के तहत ही है।

# आइशी बोलीं, मुद्दा घुमाने के लिए संदिग्ध बनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जेएनयूएसयू प्रेजिडेंट आइशी घोष ने जेएनयू हिंसा में संदिग्ध के रूप में उनकी तस्वीर जारी करने पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि मुझपर हमले को लेकर एफआईआर दर्ज नहीं की गई और मुद्दे को घुमाने के लिए मुझे ही संदिग्ध बता दिया गया। आइशी ने कहा कि उन्हें देश की कानून–व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और उन्हें न्याय मिलेगा। उल्लेखनीय है किदिल्ली पुलिस ने जेएनयू की घटना को लेकर आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की और संदिग्धों में जेएनयूएसयू प्रेजिडेंट आइशी घोष के साथ 9 स्टूडेंट्स का नाम लिया गया है और उनकी तस्वीर जारी की गई है।

आइशी ने हालांकि यह स्वीकार किया है कि वह उस विडियो में थीं जो सोशल मीडिया पर चल रहा है, लेकिन वह हिंसा में शामिल नहीं थी। उन्होंने आगे कहा, श्कुछ विडियो में मैं दिखी तो मुझे सस्पेक्ट

### जेएनयू बवाल

■क्या मेरे हाथ में रॉड था या मैंने मास्क पहना थाः घोष

**स्मृति और जावड़ेकर ने कहा, झूठ का पर्दाफाशः** पुलिस की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि पांच दिनों से चल रहे झूठ का पर्दाफाश हो गया है। वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने भी कहा कि जेएनयू के लेफ्ट का नकाब हट गया है। अब दिल्ली पुलिस ने सच सामने ला दिया है।

बना दिया और मुझपर जानलेवा हमला हुआ तो उसपर विचार नहीं किया जा रहा। क्या परिसर के अंदर घूमना गुनाह है? उन्होंने कहा, श्किसी के कहने से मैं सस्पेक्ट नहीं हो जाती। क्या मेरे हाथ में रॉड था और क्या मैंने मास्क लगा रखा था?श उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस अपनी जांच करे। मेरे पास भी सबूत है कि मुझपर किस तरह हमला किया गया।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आर्मी डे पर साथ नजर आएंगे तीनों सेना चीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन आर्मी में आर्मी डे मनाने की तैयारी चल रही है। इस बार आर्मी डे इस मामले में खास है कि इस दिन तीनों सेना यानी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स का तालमेल और समन्वय दिखेगा। तीनों सेनाओं के समन्वय के लिए पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) का पद भी बनाया

### सीडीएस जनरल बिपिन रावत भी शामिल होंगे

गया है। आर्मी डे परेड में आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे, नेवी चीफ और एयरफोर्स चीफ के साथ इस बार सीडीएस जनरल बिपिन रावत भी शामिल होंगे। छह साल बाद आर्मी का पैरा दस्ता भी परेड में शामिल होगा। 15 जनवरी को आर्मी डे पर सुबह दिल्ली के परेड ग्राउंड में परेड होती है। इस बार आर्मी चीफ, नेवी चीफ, एयरफोर्स चीफ के अलावा देश के पहले सीडीएस भी मौजूद रहेंगे।

सीडीएस का पद तीनों सेनाओं में समन्वय के लिए ही बनाया गया है। रक्षा मंत्रालय के तहत डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स के गठन की प्रक्रिया चल रही है, जिसके प्रमुख सीडीएस होंगे।